# आकाशवाणी शिमला
## 19.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त करेंगे जारी–हिमाचल के किसानों को आपदा के दौरान पहले ही मिल चुकी है ये किस्त।
- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मद्देनज़र प्रदेशभर में निकाली जा रही पदायात्राएं–आज राजधानी शिमला में होगा पदयात्रा का आयोजन।
- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर आज–शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मुख्यमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर अर्पित करेंगे पुष्पांजलि।
- प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का चंबा में आगाज–चार दिवसीय प्रतियोगिता में 320 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।
- प्रदेश में साफ मौसम के चलते शुष्क ठंड का दौर जारी–लाहौल घाटी में जमने लगे नदी–नाले।

## किसान सम्मान निधि योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोयंबटूर में देश भर के 9 करोड़ किसानों को 18 हज़ार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी करेंगे। इस योजना की ये 21वीं किश्त है जिसमे किसानों के खातों में सीधे 2 हज़ार रूपये की राशि जमा होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा मानसून के दौरान आई प्राकृतिक आपदा के चलते हिमाचल प्रदेश, पंजाब,जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड के किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त पहले ही 26 सितंबर 2025 को जारी कर दी गई थी।

## पद यात्रा

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर इस वर्ष देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हिमाचल में भी विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्राएं निकाली जा रही है। आज शिमला में आयोजित हो रही पदयात्रा पर अधिक ब्योरे के साथ न्यूज रूम से हमारी सहयोगी

भारत के प्रथम उप–प्रधानमंत्री व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर इस वर्ष एकता दिवस यानि 31 अक्टूबर से 37 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण और एकता के लिए उनके योगदान को याद किया जा रहा है। इसी के तहत 2 चरणों में युनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 25 नवंबर तक देश के सभी जिलों में पैदल मार्च आयोजित किए जा रहे है । इसी कड़ी में आज शिमला में एक पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे शहर में संजौली टनल से रिज मैदान होते हुए अंबेदकर चौक तक यात्रा आयोजित होगी। सांसद और पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप की अगुआई में इस पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

आकाशवाणी के लिए शिमला से मैं रीना वर्मा ।

## इंदिरा गांधी जयंती

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर आज देश सहित प्रदेश में भी कई कार्यक्रमों के माध्यम से आयरन लेडी इंदिरा गांधी को याद किया जा रहा है। इंदिरा गांधी को उनके नेतृत्व क्षमता ऐतिहासिक निर्णय बांग्लादेश युद्ध, आर्थिक सुधार और आधुनिक भारत के निर्माण में किए गए योगदान के लिए याद किया जाता है। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम

आयोजित किया जा रहा है जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और अन्य गणमान्य लोग इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

**जापानी फल**

कुल्लू जिला जहां अपने सेब उत्पादन के लिए जाना जाता है वही अब यहां जापानी फल उत्पादन भी होने लगा है। जिला में बागवान अब जापानी फल उत्पादन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जिला के कई गाँवों विशेषकर लग घाटी के गाँवों में जापानी फल की अच्छी पैदावार हो रही है। जापानी फल के बेहतर दाम मिलने से बागवान खासकर युवा इसके उत्पादन की ओर आकर्षित हो रहे है और यह रोजगार का अच्छा साधन बन गया है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण विभाग व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह आज से चंबा जिला के दौरे पर रहेंगे। विक्रमादित्य सिंह आज डलहौज़ी मास्टर प्लान पुस्तक का विमोचन करने के पश्चात डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चकरा से शेरपुर को जोड़ने वाले सड़क सम्पर्क मार्ग की आधारशिला रखेंगे। लोक निर्माण मंत्री बाद दोपहर चम्बा जिला मुख्यालय में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरिक्षण करेंगे। इसके पश्चात विक्रमादित्य सिंह चम्बा के ऐतिहासिक चौगान में चल रही बीसवीं राजकुमार बृजेन्द्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहेंगे।

**फुटबॉल प्रतियोगिता**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का कल चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान से आगाज हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आई 16 टीमों के 320 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि चम्बा सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि चम्बा के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिला के खिलाड़ियों के लिए समस्त जरुरी सुविधाएं जुटाई जाएंगी।

**शीतकालीन सत्र**

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए विधायकों की ओर से 600 से अधिक प्रश्न विधानसभा सचिवालय पहुंच चुके हैं। सत्र 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में होगा। विधानसभा सचिवालय ने विधायकों को आज रात तक प्रश्न भेजने का समय दिया है। स्तर को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही तैयारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज शिमला में भाजपा विधायक दल की एक अहम बैठक होने जा रही है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ़ बना हुआ है। हालाँकि सुबह शाम के तापमान में गिरावट के चलते लोगों को शुष्क ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में भी बर्फ़बारी न होने से नदी नाले जमने लगे हैं। घाटी के लोगों कहना है कि नवंबर के महीने में बर्फ़बारी न होने के चलते लोगों को भारी शुष्क ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक मौसम के साफ़ बने रहने की सम्भावना जताई है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से ........**

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **पंचायतों के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन पर रोक का करेंगे कानूनी अध्ययन।** दैनिक जागरण का शीर्षक है **सड़कें बहाल होने पर होंगे पंचायत चुनाव।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **आपदा प्रभावितों के लिए राहत पहले, पंचायत चुनाव बाद में।**

प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है **विशेष परिस्थिति में तीसरा बच्चा होने पर भी महिला कर्मचारी मातृत्व अवकाश की हकदार।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है **ब्यास की ड्रेजिंग की मांग को पर्यावरण मंत्रालय का इनकार**।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **पहाड़ों में कड़ाके की ठंड, रोहतांग में रात का पारा 10 डिग्री सैल्सियस, जमने लगे झरने।**

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त करेंगे जारी–हिमाचल के किसानों को आपदा के दौरान पहले ही मिल चुकी है ये किस्त।
- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मद्देनज़र प्रदेशभर में निकाली जा रही पदायात्राएं–आज राजधानी शिमला में होगा पदयात्रा का आयोजन।
- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर आज–शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मुख्यमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर अर्पित करेंगे पुष्पांजलि।
- प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का चंबा में आगाज–चार दिवसीय प्रतियोगिता में 320 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।
- प्रदेश में साफ मौसम के चलते शुष्क ठंड का दौर जारी–लाहौल घाटी में जमने लगे नदी–नाले।